भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. †2130

सोमवार, 9 दिसम्बर, 2024/18 अग्रहायण, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**टियर-II के शहरों में विरासत पर्यटन**

**†2130. श्रीमती पूनमबेन माडमः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश के टियर-II के शहरों में विरासत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान टियर-II शहरों में पर्यटन कार्यकलापों में प्रमुख उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने टियर-II शहरों में पर्यटन से जुड़े हितधारकों के क्षमता निर्माण और उन्हें प्रशिक्षण देने हेतु कोई पहल की है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): मंत्रालय संवर्धनात्मक कार्यक्रमों, मेलों और महोत्सवों के आयोजन के लिए हितधारकों और राज्य सरकारों को सहायता, प्रदर्शनियों में भागीदारी, वेबसाइट और सोशल मीडिया सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से टियर-II के शहरों में विरासत पर्यटन सहित विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों को बढ़ावा देता है।

मंत्रालय ने जुलाई, 2024 में भारत मंडपम, नई दिल्ली में विश्व धरोहर समिति की बैठक के 46वें सत्र के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के लिए "अतुल्य भारत" प्रदर्शनी की स्थापना की थी। इसके अलावा, कार्यक्रम के दौरान प्रतिनिधियों के लिए हेरिटेज वॉक का भी आयोजन किया गया था।

पर्यटन मंत्रालय ने भारत में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों में से एक, असम के काजीरंगा में 12वें अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट का भी आयोजन किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिनिधियों ने चराईदेव मोईदेम्स, रंगघर, शिवसागर का भी दौरा किया।

पर्यटन मंत्रालय अपने घरेलू पर्यटन कार्यालयों के माध्यम से विरासत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए देश भर में वेबिनार, क्विज़, सेमिनार, पर्यटन संवर्धन कार्यक्रम, फेम टूर, विरासत वॉक आदि जैसी विभिन्न गतिविधियां चलाता है।

पर्यटन मंत्रालय ने देखो अपना देश पीपुल्स च्वाइस पोल शुरू किया है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को 5 पर्यटन श्रेणियों- आध्यात्मिक, प्रकृति और वन्यजीव, एडवेंचर, सांस्कृतिक एवं विरासत में सबसे पसंदीदा पर्यटक आकर्षणों को चिह्नित करने के लिए प्रेरित करना है।

(घ) और (ङ): पर्यटन मंत्रालय "सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी)" नामक अपनी योजना के तहत टियर-II के शहरों सहित देश भर में विभिन्न संस्थानों के माध्यम से अल्पावधिक कौशल प्रमाणन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है, ताकि अपार पर्यटन क्षमता का पूर्ण रूप से लाभ उठाया जा सके और स्थानीय लोगों को नए तथा मौजूदा सेवा प्रदाताओं के रूप में व्यावसायिक विशेषज्ञता प्रदान की जा सके, जिससे स्थानीय लोगों को और अधिक रोजगार योग्य बनाया जा सके।

सीबीएसपी योजना के तहत आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हुनर से रोजगार तक (क्षमता निर्माण), कौशल परीक्षण और प्रमाणन (पुनः कौशल), उद्यमिता कार्यक्रम, पर्यटन जागरूकता कार्यक्रम आदि शामिल हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में सीबीएसपी योजना के तहत प्रशिक्षित उम्मीदवारों का ब्यौरा निम्नानुसार है-

| **वित्तीय वर्ष** | **प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या** |
|---|---|
| 2021-22 | 22034 |
| 2022-23 | 21641 |
| 2023-24 | 24153 |
| 2024-25* | 30230* |

*वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनंतिम आंकड़े

*******